Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to review the construction of Polavaram dam-laid.

श्री दीपक बैज (बस्तर): आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा निर्माणाधीन 150 फीट की ऊंचाई वाला पोलावरम बांध से छत्तीसगढ़ के कोंटा क्षेत्र डुबान के कगार पर है । यहां के मूल आदिवासी समूह व वन सम्पदा मुख्यतः बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं । उक्त बांध बनने से कोंटा क्षेत्र के 9 गांव डूब क्षेत्र में आ रहे हैं तथा उक्त गांव की 1239.393 हेक्टेयर भूमि भी प्रभावित हो रही है । इस बांध से छत्तीसगढ़ की जनता को किसी भी प्रकार का लाभ नहीं होगा । इस बांध के बनने के कारण क्षेत्र के आदिवासियों में रोष व्याप्त है । यह बांध बनने से छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि ओड़िसा के मलकानगिरी व तेलंगाना क्षेत्र की काफी जमीन डूब क्षेत्र में आ रही है । इस तरह से तीनों राज्यों की जनता प्रभावित हो रही है ।

अतः सरकार से मेरी मांग है कि क्षेत्र की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए इस बांध के निर्माण पर पुनर्विचार हेतु आंध्र प्रदेश सरकार को निर्देश दे, जिससे डूबान क्षेत्र के तीनों राज्यों की जनता का अहित न हो ।